# गैस वितरण की व्यवस्था पारदर्शिता से संचालित हो




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 मार्च।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शनिवार की देर रात्रि में जिले के गैस एजेंसी संचालकों की बैठक लेकर जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में गैस एजेंसी संचालकों को उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि गैस वितरण की व्यवस्था को व्यवस्थित रखें तथा उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की अफवाह या पैनिक की स्थिति निर्मित न होने दें। बैठक में यह भी बताया कि उपभोक्ता पुन: ऑनलाइन के माध्यम से गैस सिलेंडर की बुकिंग कर सकते हैं।

**कलेक्टर ने गैस एजेंसी संचालकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

### उपभोक्ताओं को बुकिंग माध्यमों की जानकारी दें

कलेक्टर श्री जांगिड़ ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को उपलब्ध सभी बुकिंग माध्यमों की जानकारी दें, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से एजेंसी कार्यालयों पर जाकर भीड़ लगाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि गैस वितरण की पूरी व्यवस्था पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित की जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराया जाए। समस्त एसडीएम अपने क्षेत्र में निगरानी बनाए रखें, होटल, ढाबों पर निगरानी रखी जावे। इस दौरान अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्रपाल सिंह डाबर एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी और गैस एजेंसी संचालक उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाईन से चरवाहे को करंट लगा, सूझबूझ से बची जान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 मार्च।** नूराबाद क्षेत्र के दौरावली गांव में रविवार को हाईटेंशन लाईन के तार की चपेट में आने से भेंसों को चरा रहे एक चरवाहे को करंट का जोरदार झटका लगा और अचेत हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए हाथों से पीटना शुरू कर दिया और तत्काल नजदीकी स्वाथ्स्य केन्द्र लेकर पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर चरवाहे की जान बचा ली।

**नूराबाद क्षेत्र के ग्राम दौरावली में रविवार को हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार दौरावली गांव निवासी गब्बर सिंह गुर्जर पुत्र भोलाराम गुर्जर रविवार की दोपहर अपनी भैंसों को चरा रहा था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाईन के तार से उसका हाथ टच हुआ तो करंट का जोरदार झटका लगा और गब्बर दूर जाकर गिरा। खेत पर मौजूद लोगों ने चरवाहे गब्बर गुर्जर को हाथों से पीटना शुरू कर दिया और वे उसे लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रवाना हो गए। जिला अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने चरवाहे गब्बर गुर्जर को प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद गब्बर सिंह होश में आ गया। फिलहाल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# कृषि से जुड़े लक्ष्यों को 25 मार्च तक पूर्ण करें अधिकारी : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 मार्च।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने रविवार को कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि विभागों द्वारा 25 मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएं, ताकि बजट का सदुपयोग हो सके। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विस्तार अधिकारी अपने क्षेत्र के प्रतिदिन दो-दो गांवों में पहुंचकर कृषकों के साथ संगोष्ठी करें और भावांतर, नरवाई प्रबंधन, जे-फॉर्म एप और ई-विकास एप की जानकारी से लोगों को अवगत कराएं।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, उप संचालक कृषि अनंत सड़ैया, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. बीके शर्मा, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक अशोक कौशिक सहित अन्य संबंधित विभागों के खंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि भावांतर योजना के तहत किसानों को प्रेरित करें, उन्हें आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन के समय लगने वाली जानकारी दें। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान क्षीर धारा ग्राम योजना में बेसलाइन सर्वे शीघ्र निपटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय योजनाओं के लक्ष्य 25 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# कैलारस में सिलेण्डर लेने लम्बी कतारें, उपभोक्ता हो रहे परेशान



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 15 मार्च।** कैलारस नगर में इन दिनों गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एचपी गैस के अधिकृत वितरक धाकड़ गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें लग रही हैं। तेज धूप और गर्मी में उपभोक्ताओं को घंटों तक अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कैलारस क्षेत्र में धाकड़ गैस एजेंसी से कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र के तकरीबन 30 हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन है। सिलेंडर की होम डिलेवरी न होने और फोन पर बुकिंग बंद होने से बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के दफ्तर पहुंच रहे है। जिसकी वजह से एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रहीं है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस लेने के लिए सुबह जल्दी पहुंचने के बाद भी कई घंटों तक इंतजार करना पड़ता है।

तेज धूप और गर्मी के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को कठिनाई हो रही है। कई लोगों ने एजेंसी प्रबंधन से सिलेंडर वितरण की व्यवस्था बेहतर करने की मांग भी की है। और भी स्टॉक बढ़ाने की सिफारिश की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि टोकन सिस्टम या अतिरिक्त वितरण काउंटर की व्यवस्था कर दी जाए तो लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहने की समस्या से राहत मिल सकती है।

**इनका कहना है...**

हम उपभोक्ताओं की परेशानी समझ रहे हैं, गैस सिलेंडर वितरण की व्यवस्था की जा रही है। एजेंसी पर करीब 30 हजार कनेक्शन है। रिफलिंग की डिमांड बढ़ने की वजह से डिलेवरी की समस्या पैदा हो गई है। प्रयास किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को आसानी से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।
**- रामगोपाल धाकड़, संचालक धाकड़ गैस एजेंसी कैलारस**

# बेकाबू ट्रक दुकान में घुसा, काउंटर व शटर हुए क्षतिग्रस्त

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 15 मार्च।** शहर के सरकारी अस्पताल के पास स्थित एक नमकीन-बिस्किट की दुकान में तेज रफ्तार ट्रक घुस जाने से दुकान का काउंटर, शटर और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना शनिवार रात करीब 11.45 बजे की है।

**नशे में धुत्त था ड्राईवर, कस्बा पोरसा में शनिवार की रात हुई घटना**



जानकारी के अनुसार फरियादी संतोष 47 पुत्र रामगोपाल राठौर निवासी धनेटा रोड पोरसा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि अंबाह रोड पर सरकारी अस्पताल के सामने उनकी नमकीन-बिस्कुट की दुकान है। शनिवार रात करीब 11.45 बजे किसी व्यक्ति ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान में एक ट्रक घुस गया है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि ट्रैक्टर क्रमांक एमपी07-जीए-2693 दुकान में घुस गया, जिससे दुकान का काउंटर, शटर क्षतिग्रस्त हो गए तथा दीवार भी चटक गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सतीश पुत्र शिवचरण राठौर निवासी ग्राम जौटई पोरसा बताया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक अत्यधिक शराब के नशे में था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पोरसा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ट्रक को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# बादलों की लुका-छुपी व ठंडी हवाओं से 2 डिग्री लुढ़का पारा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 मार्च।** मार्च के दूसरे सप्ताह में तेज गर्मी के चलते अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के चलते अचानक हुई बारिश का असर मुरैना जिले में रविवार को देखने को मिला। सुबह हवा में ठंडक और दिन में सूर्यदेव की बादलों के साथ लुकाछिपी के चलते दिन का तापमान व रात का तापमान दो-दो डिग्री लुढ़ककर 37 और 17 डिग्री पर आ गया।

**यूपी, राजस्थान में हुई बारिश से ठण्डक, गर्मी से मिली फौरी राहत**

यहां बता दें कि इस साल मार्च महीने में तापमान तेज रफ्तार से भाग रहा था। तेज गर्मी से लोग बेहाल थे। जो गर्मी अप्रेल के पहले सप्ताह में पड़ती थी, वह मार्च के शुरुआती सप्ताह में ही अपना रौद्र रूप दिखाने लगी। हालांकि मौसम विभाग भोपाल ने 14-15 को अंचल में तापमान के बदलने का पूर्वानुमान जाहिर किया था और वह सही भी निकला। रविवार को सुबह से ही गर्मी का प्रकोप कुछ कम नजर आ रहा था। दोपहर के वक्त अचानक बादल छाने और हवा में ठंडक घुलने की वजह से लोगों को तपिश से राहत मिली।

### गेहूं उत्पादक किसानों को मिलेगी राहत

अंचल में तेजी से बढ़ रहे तापमान और तेज गर्मी से वह किसान चिंतित थे, जिन्होंने गेहूं की बोवनी काफी लेट की थी। तेज गर्मी से गेहूं का दाना जल्दी पकने की वजह से उत्पादन घटने का डर था। अगर दो-तीन तापमान सामान्य रहा तो किसानों को इससे लाभ ही होगा।

**इनका कहना है...**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते पड़ौसी प्रांत राजस्थान के कई जिलों में बारिश होने से हवा में नमी व ठंडक आ गई है। जिसके चलते रविवार को मौसम में थोड़ी ठंडक रही।
**- डॉ. हरवेंद्र सिंह, वैज्ञानिक आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र**

# 289 नेत्र मरीजों की हुई जांच, 67 के होंगे ऑपरेशन



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 15 मार्च।** समाजसेवी स्व. कपूरचंद जैन की स्मृति में पूर्व नपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिनेश जैन की पहल पर 15 मार्च को 35वां नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन कस्बा अंबाह में टेकचंद जैन विद्यापीठ के प्रांगण में रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन ग्वालियर के सहयोग से संपन्न हुआ।

**स्व. कपूरचंद जैन स्मृति नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित**

शिविर में क्षेत्र के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पिनाहट क्षेत्र से भी कई मरीज अपनी आंखों की जांच कराने के लिए अंबाह पहुंचे। इस दौरान करीब 289 मरीजों ने मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए नामांकन कराया, जिनकी डॉक्टरों की टीम ने जांच की। परीक्षण के बाद 67 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित मरीजों को ऑपरेशन के लिए ग्वालियर स्थित रतन ज्योति नेत्रालय अस्पताल ले जाया जाएगा। ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को लाने-ले जाने, भोजन, दवा सहित ऑपरेशन की सभी व्यवस्थाएं नि:शुल्क रहेंगी। शिविर में जिनेश जैन ने कहा कि यह 35वां नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना और समाज में सेवा की भावना को मजबूत करना है। शिविर में अंबाह नपाध्यक्ष श्रीमती अंजली जैन भी उपस्थित थी। इस अवसर पर महेन्द्र कुमार जैन, अंशुल जैन, आलोक प्रताप तोमर, इंद्रेश शर्मा, अंगद सिंह सिसौदिया, कुलदीप भटनागर, अश्विनी गुप्ता, दिलीप वर्मा, सतेन्द्र सिंह तोमर, करन सिंह भदौरिया, विशाल गोले, उपदेश सिंह तोमर, सुरेन्द्र जैन, रहीस अहमद गौरी आदि उपस्थित थे।

# गर्ल्स कॉलेज में बाल विवाह जागरुकता संगोष्ठी आयोजित



**मुरैना, 15 मार्च।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड मुरैना की नवांकुर संस्था मुरैना यूथ अकादमी द्वारा बीएसडब्ल्यूएएमएस डब्ल्यू के छात्र-छात्राओं को बाल विवाह एवं यौन शोषण के प्रति जागरूक करने के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई।

जिसमें समन्वयक अनिल मोदी विशेष रूप से मौजूद थे, इनके अलावा मुरैना यूथ अकादमी से संदीप सेंगर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स श्रीमती सायरा जैन, श्रीमती सपना तोमर, संजीव खेमरिया, बृजेश राय, गिर्राज शर्मा, बीएसडब्ल्यूएएमएस डब्ल्यू से अजय कैम, शिवांगी श्रीवास्तव, रितु शर्मा, कुलदीप चांदिल, टिंकल अवस्थी, नितेश सविता, सनी सिंह सिकरवार, नवीन प्रजापति, चंद्रभान कुशवाह, हिना आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संगोष्ठी में अनिल मोदी ने कहा कि बाल विवाह वह सामाजिक कुरीति व अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है। इसकी रोकथाम के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। संदीप सेंगर ने कहा कि बच्चों के लिए हमें सुरक्षित वातावरण बनाना होगा। संजीव खेमरिया, बृजेश राय आदि मेंटर्स ने भी बाल विवाह शून्य घोषित होने पर कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। अंत में बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ली गई।



### चंबलांचल पूर्व सैनिक संघ का मिलन समारोह आयोजित

**मुरैना, 15 मार्च।** चंबलांचल पूर्व सैनिक संघ के सैनिक मिलन समारोह का आयोजन वीरेन्द्र सिंह के निवास पर 15 मार्च को हुआ। सैनिक मिलन समारोह में जिला सैनिक बोर्ड अधिकारी मुरैना श्री पांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष दीवान सिंह चौहान ने पूर्व सैनिकों से संगठित रहने की अपील की। कार्यक्रम में शैलेन्द्र सिंह, विजय सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, कुलविंदर सिंह, धर्मवीर सिंह, रामवीर सिंह, राकेश सिंह, रमेश सिंह, भगवती प्रसाद, बृजेश सिंह, रामदीन सिंह, बृजेश कुमार, इंद्रेश सिंह, विपिन कुमार, धीरेन्द्र सिंह, कम्पोटर सिंह, वकील सिंह, राकेश गोले आदि उपस्थित थे।

# 6 कैंप में 1734 मरीजों के पंजीयन, 204 ऑपरेशन चिन्हित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 मार्च।** जिला मुख्यालय पर वृहद नेत्र शिविर में 15 मार्च को मुरैना जिले के 06 स्थानों पर लगाया गया, जिसमें 1 हजार 734 लोगों ने चेकअप के लिए पंजीयन कराए। इनमें से 204 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

**नेत्र शिविर को लेकर जिले भर में चल रहे स्क्रीनिंग कैंप**




यहां बता दें कि जिला चिकित्सालय मुरैना में 508, जौंहा में 368, खड़ियाहार में 230, बानमोर में 235, दिमनी में 243 और जौरा में 156 लोगों ने आंखों के चेकअप कराने के लिए रविवार को पंजीयन कराए थे। इनमें से मुरैना में 70, जौरा में 55, खड़ियाहार में 35, बानमोर में 18, दिमनी में 20 और जौंहा में 06 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार 14 और 15 मार्च को 4 हजार 533 लोगों के पंजीयन हुए है, जबकि 459 लोग ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए है।

**जिला चिकित्सालय में किए गए मरीजों के ऑपरेशन :** रविवार को जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के सफल ऑपरेशन किए गए।

इस दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों की पहले नेत्र विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई, जिसके बाद चिन्हित मरीजों का आधुनिक तकननिकी से सुरक्षित एवं सफल ऑपरेशन मोतियाबिंद के 160 ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए।

### दिमनी से 19 लोगों को बसों में किया रवाना

15-16 और 17 मार्च को विशाल मोतियाबिंद के ऑपरेशन का शिविर लगाए जा रहे हैं। जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दिमनी पहुंचकर चल रहे जांच शिविर का अवलोकन किया और पंजीयन के बाद चिन्हित 19 लोगों को बस में बिठाकर ऑपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय मुरैना के लिए रवाना किया।

# हरियाणा के अंकित-सचिन के बीच बेनतीजा रही आखिरी कुश्ती

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 मार्च।** पचासा मैदान अंबाह पर 2 दिवसीय अखिल भारतीय दंगल का आयोजन किया गया। शनिवार और रविवार को दो दिन हुए इस आयोजन में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तरप्रदेशए हरियाणा सहित 200 से अधिक स्थानीय पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाए। दंगल के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर बतौर अतिथि पहुंचे। उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिनेश जैन भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय दंगल रैफरी जगवीर सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

दंगल के महाकुंभ में पहले दिन 50 से अधिक कुश्तियां लड़ी गईं। पहले दिन की अंतिम और सबसे बड़ी कुश्ती 21 हजार रुपए इनाम की रही, जो हरेंद्र पहलवान रसीलपुर आगरा और अली पहलवान पंजाब के बीच हुई, दोनों पहलवानों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन कोई भी पहलवान निर्णायक बढ़त नहीं बना सका और यह कुश्ती बराबरी पर छूट गई। दंगल देर रात 1.30 बजे तक चलता रहा।

**दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने दिखाया दमखम :** दगल की शुरुआत छोटे बच्चों की कुश्तियों से हुई। युवा पहलवानों ने अपने दांव-पेंच और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद क्रमशरू 60 किग्रा, 70 किग्रा, 80 किग्रा और ओपन वेट कैटेगरी में मुकाबले कराए गए। शुरुआत 100 रुपए इनाम की कुश्ती से हुई और बड़े इनाम की कुश्तियों तक मुकाबले पहुंचे। दूसरे दिन 3 बजे से अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती लड़ चुके पहलवानों ने भाग लिया। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के पहलवान अखाड़े में उतर रहे हैं। महिला वर्ग की कुश्तियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की महिला रेफरी निर्णायक की भूमिका निभा रही हैं।

### 51 हजार की कुश्ती भी बराबरी पर छूटी

दंगल के दूसरे दिन पांच मुकाबले हो चुके थे। 51 हजार रुपए इनाम की बड़ी कुश्ती अंकित (जयवीर) अखाड़ाए झज्जर और सचिन (अश्वनी अखाड़ा हरियाणा) के बीच लड़ी गईए जो कड़े मुकाबले के बाद बराबरी पर छूट गई। दंगल की सबसे बड़ी और अंतिम कुश्ती एक लाख रुपए इनाम की होगीए जिसमें शेरा पहलवान और सचिन हरियाणा आमने-सामने होंगे।

